तापमान

अधिकतम 30 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

10 मटका दौड़ में काकड़ोद की कविता और बुजुर्ग दौड़ में सतपाल अव्वल



10 महिलाओं को स्वावलंबी होने की जरूरत : बहन




## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव घसो के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुट्ठी निवासी नरेश (45) कार्यवश अपनी बहन के घर गांव धरौदी आया हुआ था। जो बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था।

### गांव मटौर में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव मटौर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मटौर के देवेंद्र ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 को प्रशांत, साहिल व एक अन्य व्यक्ति ने उस पर गंडासियों से मारपीट करते घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मनदीप ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्विस चार्ज का भय दिखा 1.43 लाख रुपये का चूना

**जींद।** क्रेडिट कार्ड की सर्विस उसे करने पर वार्षिक चार्ज से बचने के लिए एप को डाउनलोड करवा उपभोक्ता को एक लाख 45300 का चूना लगा दिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने उपभोक्ता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### मकान से हजारों का सामान चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** पुंडरी के चीमा कॉलोनी स्थित मकान से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। चीमा कॉलोनी की रीना ने पूरी पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 मार्च की रात को कर उसके घर में घुसकर उसके जेवरात व 32000 रुपए चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 50000 बताई गई है। एएसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आंखों में मिर्ची मार कर जेवर-नकदी ले उड़े चोर

**जींद।** मोरपत्ती नरवाना में महिला कमरे में घुसी तो चोरों ने आंखों में मिर्ची मार कर घर से सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोरपत्ती नरवाना निवासी रामकला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार दूसरी मंजिल पर रहता है।

### रास्ता रोककर मारपीट का लगाया आरोप, केस

**कैथल।** गांव शेरगढ़ में रास्ता रोककर मारपीट के एक मामला प्रकाश में आया है। गांव रोहेड़ा के योगेश ने तितरम थाना पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 मार्च को जब वह गांव शेरगढ़ से जा रहा था तो साहिल ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ चाकू से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

### आरोपी ने पीड़िता के पति को पीटा

**जींद।** शहर थाना नरवाना इलाके में महिला के यौन शोषण का मामला सामने आया है। मौके पर पकड़े जाने के बाद आरोपित ने पीड़िता के पति के साथ मारपीट की और फरार हो गया। नरवाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बदमाशों ने साधु के भेष में जेवरात लूटे

**कैथल।** ग्योंग-कठवाड़ गांव के पास कार में सवार बदमाशों ने साधुओं के भेष में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी साधुओं ने रास्ता पूछने के बहाने बुजुर्ग को अपनी कार के पास बुला लिया। जैसे ही वह खिड़की के पास जाकर उनको का रास्ता बताने लगा तो एक आरोपी ने एकदम से खिड़की का शीशा बंद कर दिया।

## कलायत: नगर पालिका परिसर में आठ-आठ टेबल लगाई जाएंगी और चार राउंड में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी

**कल सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना, तैयारियों में जुटा प्रशासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका प्रधान व पार्षद आम चुनाव की 12 मार्च को होने वाली मतगणना को लेकर सोमवार को दिन भर प्रशासन फाइनल तैयारियों में लगा रहा। चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि प्रधान व पार्षदों की मतगणना के चार राउंड होंगे।

एक बार में आठ मशीनों की गणना होगी। इसमें पार्षदों के चार वार्ड और प्रधान के चार पोलिंग बूथ शामिल रहेंगे। शहर में कुल 16 वार्डों हैं। इनमें से वार्ड 8 से महीपाल पंवार व 16 से नीलम देवी पहले ही सर्व सम्मति से प्रधान चुनी जा चुकी हैं।

**आज जारी होंगे एजेंटों को आईकार्ड**

शेष 14 पार्षदों व प्रधान के सभी 16 पोलिंग बूथों की मतगणना को लेकर नपा कार्यालय में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को पूर्णत पुख्ता रखा जा रहा है। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ अन्य स्तरों पर प्रबंधों को मजबूत किया गया है। नगर पालिका भवन प्रवेश द्वार हाल में मतगणना होनी है। विशेष दीवार का निर्माण करते लोहे की जाली लगाते ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि परिंदा भी सुरक्षा प्रबंधों में पंख न मार सके। इसके साथ ही निर्धारित रूप रेखा अनुसार चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने मतगणना को लेकर प्रधान-पार्षद पदों के उम्मीदवार, मतगणना एजेंटों व अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उम्मीदवार की मौजूदगी में एजेंटों के आई कार्ड से संबंधित आवेदन प्रक्रिया को पूरा किया गया। पुलिस जांच के उपरांत आज उम्मीदवारों व एजेंटों को आई कार्ड जारी होंगे।



कलायत। नगर पालिका में मतगणना को लेकर की जा रही बेरिकेटिंग। फोटो :हरिभूमि

**प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न**

नगर पालिका में 2 मार्च को आम चुनाव के लिए मतदान हुआ था। इसमें मतदान 78.8 रहा। नगर पालिका में प्रधान पद के लिए सात व पार्षद पद के लिए 37 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में बंद है। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि नगर पालिका के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के लिए मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से होगी। मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पालिका कार्यालय परिसर में मतगणना होगी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियों के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। द्वितीय रेंडमाइजेशन मंगलवार को होगा। मतगणना के लिए नगर पालिका परिसर में आठ-आठ टेबल लगाई जाएंगी और चार राउंड में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी।



जींद। पुलिस गिरफ्त में कैंटर। फोटो :हरिभूमि

## गतौली के पास कैंटर से 560 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

- पंजाब की तरफ से ले जाया जा रहा था दिल्ली की तरफ चालक से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव गतौली के पास एक आयशर कैंटर को काबू कर उसमें से 560 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब को पंजाब से तस्करी कर दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा था। जुलाना थाना पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश नंबर के आयशर कैंटर में पंजाब से दिल्ली की तरफ हरियाणा के रास्ते शराब को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। जिसके आधार पर डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव गतौली के पास जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर नाकेबंदी कर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखना शुरू कर दी। कुछ समय के बाद जींद की तरफ से आयशर कैंटर आता दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने कैंटर को रोक कर तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की पेटियां पाई गई। गिनती करने पर बेटियों की संख्या 560 पाई। पुलिस पूछताछ में कैंटर चालक की पहचान अणखिया जिला बाड़मेर राजस्थान निवासी लुंबा राम के रूप में हुई है। चालक से शराब से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो उसके पास कोई लाइसेंस या परमिट नही मिला। जिस पर पुलिस ने कैंटर को शराब समेत अपने कब्जे में ले लिया। जुलाना थाना पुलिस ने कैंटर चालक लुंबा राम के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आठ लाख रुपये लेते महिला पकड़ी, जांच में कई चौकाने वाले खुलासे

# हनीट्रैप को बनाया व्यवसाय, हर छह माह में नए पुरुष को बनाती थी शिकार

**लिफ्ट मांग, बहाने से बातें कर पहले फंसाती, फिर दुष्कर्म की धमकी दे रुपये ऐंठते**

**कुरुक्षेत्र की 39 वर्षीय महिला उचाना में विवाहित, दुष्कर्म का आरोप लगा ऐंठती थी पैसे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना में हनी ट्रैप के मामले में आठ लाख रुपये लेते पकड़ी गई महिला पहले भी कई लोगों से दुष्कर्म की धमकी देकर रुपये ऐंठ चुकी थी। आरोपित महिला ने हनीट्रैप को हथियार बना लिया और हर छह महीने में किसी न किसी को शिकार बना कर दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाने की बात कह कर रुपये ऐंठती थी। सड़क पर खड़े होकर लिफ्ट मांगने के बहाने, मोबाइल फोन नंबर मिलाने के बहाने समेत कई तरह से सामने वाले को फंसाया जाता। इस दौरान मीठी बातें की जाती हौर फिर मिलने के बाद उसकी वीडियो बनाकर उसे दुष्कर्म का डर दिखाकर पुलिस को शिकायत दे देती। अब तक तीन मामले सामने आ चुके हैं, जिनसे महिला रुपये समझौते के नाम पर ठग चुकी है। गौरतलब है कि आठ जनवरी 2025 को थाना सदर नरवाना में महिला ने गांव कापड़ो निवासी मनीष के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था। जिसकी तफ्तीश उप पुलिस अधीक्षक नरवाना अमित द्वारा की जा रही थी। मुकद्में में आरोपित मनीष की मां ने उप पुलिस अधीक्षक को शिकायत पेश की थी और दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला व उसके परिवार से मामले को रफा-दफा करने की एवज में आठ लाख रुपये की मांगे जाने की बात कही जा रही थी। एक लाख रुपये आरोपितों ने एडवांस के तौर पर ले लिए थे। डीएसपी नरवाना अमित द्वारा मामले की जांच सीआईए प्रभारी नरवाना को सौंपी गई। सीआईए प्रभारी ने एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। सीआईए टीम ने आठ लाख रुपये के नोटों के सीरियल नंबर नोट करके शिकायतकर्ता को सौंप दिए। आरोपितों ने आठ लाख की रकम लेने के लिए शिकायतकर्ता को उचाना कलां गांव में एक परचून की दुकान पर बुलाया। जैसे ही आरोपित ने शिकायतकर्ता से आठ लाख रुपये लिए, इशारा मिलते ही आरोपितों को नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान उचाना क्षेत्र के ही गांव कहसून निवासी बलिंद्र व उचाना कलां निवासी एक महिला के रूप में हुई।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित महिला। फोटो :हरिभूमि

**पूछताछ में जुटी पुलिस**

सोमवार को पत्रकारों से बातीचत में डीएसपी अमित ने बताया कि इसमें और भी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। हर छह माह में आरोपी महिला अपना टारगेट बदल लेती थी। गिरोह में आरोपी महिला के साथी रिकॉर्डिंग कर के उस पर समझौते के लिए दबाव बनाते। पुलिस आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

**12 साल पहले हो चुकी पति की मौत**

हनी ट्रैप में फंसाने वाली कुरुक्षेत्र जिले की यह 39 वर्षीय महिला उचाना क्षेत्र में विवाहित है। महिला को एक लड़का और एक लड़की की मां है। महिला के पति की 12 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद से ही महिला एक व्यक्ति के संपर्क में आई और उन्होंने हनी ट्रैप में फंसाने का डर दिखा रुपये ऐंठने का खेल शुरू कर दिया। शुरूआत में एक युवक को फंसाया गया और तीन महीने तक उससे दोस्ती के बाद उसके साथ संबंध बनाए और इसकी वीडियो बना ली। बाद में उसे ब्लैकमेल करते हुए रेप का केस दर्ज करवाने के लिए पुलिस को शिकायत दे दी। कुछ दिन में ही युवक से पांच लाख रुपये समझौते के नाम पर लिए और शिकायत वापस ले ली। इस युवक से समझौत के बाद आरोपित महिला ने कुछ समय बाद नरवाना जाने के लिए लिफ्ट मांगी। लिफ्ट लेकर उससे बातचीत शुरू कर दी। उसके साथ नंबर एक्सचेंज करने के बाद दोनों मिले। चार माह में ही उसे भी रेप की शिकायत देकर समझौत के नाम पर आठ लाख रुपये हड़प लिए। वहीं एक मामले में इसने एक व्यक्ति से कहा कि उसका मोबाइल फोन बंद हो गया है, उसे कॉल करनी है। इसलिए फोन दे दे। व्यक्ति ने फोन दिया तो उसके नंबर से बात करने के बहाने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। उसके बाद उसके पास मिसकॉल मारी। फिर यहीं से बातों का सिलसिला शुरू कर उसे भी ट्रैप में फंसा कर रेप का केस दर्ज का डर दिखा करीब छह लाख रुपये हड़प लिए।

### इतिहास की परीक्षा में नकल करते एक पकड़ा

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा कक्षा की सोमवार को इतिहास और जीव विज्ञान विषय की परीक्षा थी। उडनदस्ता टीम ने रामराय में स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। दौरान एक विद्यार्थी इतिहास विषय की परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया। विद्यार्थी के पास नकल की पर्ची थी। जांच के दौरान टीम ने विद्यार्थी को काबू कर लिया और यूएमसी बनाई गई। जबकि जीव विज्ञान विषय की परीक्षा नकल रहित रही। परीक्षा को नकल रहित करवाने को लेकर उडनदस्ता की टीम के साथ.साथ पुलिसकर्मी भी मुस्तैद है। सोमवार को परीक्षा के दौरान शहर के एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शहर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थी के अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाए।



जींद। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**जींद।** एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को उपमंडल के विभिन्न स्कूलों में चल रही दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओ की जांच की। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त के दिशा निर्देशन में नकल रहित परीक्षाओं का संचालन करवाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। सोमवार को उपमंडल के राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लिजवाना कलां, ढिगाना व किनाना गांवों के स्कूलों में उपमंडल स्तरीय उडनदस्ते के साथ पहुंच कर वहां चल रही हरियाणा बोर्ड की परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र डिस्पैच, उत्तर पुस्तिका वितरण व संबंधित दस्तावेज के रखरखाव संबंधी सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।

## बिजली निगम कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

- एसडीओ के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने पर जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

बिजली निगम कर्मचारियों व एसडीओ के बीच खींचतान का सिलसिला जारी है। इसके तहत सोमवार को निगम कर्मियों ने कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के लिए सुबह 9 बजे से 11 बजे तक का समय निर्धारित किया था। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता वर्कर यूनियन कैथल इकाई वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश नैन ने की। कलायत इकाईप्रधान सत्यवान लाठर ने कहा कि एसडीओ का रवैया सभी कर्मचारियों के साथ पूरी तरह से तानाशाही है। अधिकारी बेवजह कर्मचारियों को परेशान करते हैं। इसके चलते अधिकारी के खिलाफ कर्मचारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। हैरानी की बात है उच्चाधिकारियों के संज्ञान में पूरा मामला है उसके बावजूद भी एसडीओ के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। इसी कारण से कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर हैं। यूनिट सचिव करण नैन ने कहा कि जब तक उक्त अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती उनका धरना व रोष प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके लिए यदि उच्च स्तर पर भी धरना व प्रदर्शन करना पड़ा तो कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन में करण नैन, तारिफ धीमान, रोहताश शर्मा, कमल कुमार, शमशेर बैनीवाल, जगबीर सिंह व अन्य कर्मी शामिल रहे। महिला व पुरुष कर्मचारी मौजूद रहे।



कलायत। नारेबाजी करते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

**आरोप निराधार: एसडीओ**

बिजली निगम एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे पूरी तरह से निराधार हैं। एक महिला मेडिकल लीव पर है तो उनकी छुट्टी नोट करवाने के लिए दूसरी को बोला था। इसी बात पर कर्मियों ने प्रर्दशन शुरू कर दिया। पूरा मामला शीर्ष अधिकारियों के संज्ञान में है। कर्मियों को प्रदर्शन की बजाए आम जन से जुड़े कार्यों में रुचि लेनी चाहिए। ताकि कामकाज सुचारू रूप से चले।

**सुविधा** | जेनेरिक दवाओं का असर, डोज व इफेक्ट्स ब्रांडेड दवाओं की तरह ही : डा. भोला

## जन औषधि केंद्र पर अस्सी प्रतिशत तक सस्ती मिल रही जेनरिक दवाएं

**ब्रांड से नहीं साल्ट नेम से दवाइयां लिखेंगे चिकित्सक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र खुल चुका है। ऐसे में ओपीडी कर रहे चिकित्सक दवा के ब्रांड से नही बल्कि साल्ट नेम प्रिसक्राइब करेंगे ताकि जिन्हें समझने में परेशानी नही होगी। जन औषधि केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य ही आमजन को गुणवत्ता युक्त कम दाम में जेनरिक दवाएं उपलब्ध करवाना है। अब अस्पताल में खुले जन औषधि केंद्र में दवाइयों सहित कंज्यूमेबल आइटम की संख्या धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं ताकि लोगों को सस्ती दरों पर अधिक से अधिक दवाएं उपलब्ध हो सकें। आमतौर पर ब्रांडेड दवाएं (पेटेंटेड दवाएं) महंगी होती हैं। जबकि जेनरिक दवाएं ससती होती हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना में जेनेरिक दवाएं ही होती हैं और 80 प्रतिशत तक सस्ती ही होती हैं। जेनेरिक दवाएं सस्ती होने के कारण लोग उसकी क्वालिटी और उसके पावर पर शक करने लगते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि लोगों को महंगी दवाएं लिख दीजिए तो वह खुशी-खुशी इसे ले लेगा लेकिन यदि सस्ती दवाएं लिखें तो फिर उन्हें लगता है कि डॉक्टर साहब ने ठीक से देखा नही। जबकि जेनरिक दवाओं का असर भी ब्रांडेड दवाओं के समान ही होता है। क्योंकि इन दवाओं में भी वही सॉल्ट होता है, जो ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं में होता है। नागरिक अस्पताल में 100-100 बैड की दो बिल्डिंग हैं और यहां हर दिन 1800 से दो हजार के बीच ओपीडी होती है।

**परेशानी नही होगी**

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत चिकित्स पहले से ही ब्रांड से नही बल्कि साल्ट नेम से दवाइयां लिख रहे हैं। ओपीडी में मौजूद कोई भी डॉक्टर ब्रांड नही बल्कि साल्ट नेम से दवाइयां प्रिसक्राइब करेगा। जिन्हें समझने में परेशानी नही होगी। जन औषधि केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य ही आमजन को गुणवत्ता युक्त कम दाम में जेनरिक दवाइयां उपलब्ध करवाना। जन औषधि केंद्र में दवाइयों सहित कंज्यूमेबल आइटम की संख्या धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं। बाकायदा सरकार इन दवाओं की कीमत खुद तय करती है। जेनेरिक दवाओं का असर, डोज और इफेक्ट्स ब्रांडेड दवाओं की तरह ही होते हैं।

## जिला परिषद सफाई घोटाले का 13वां आरोपी गिरफ्तार

- जांच में आरोपी के घर से 2 .60 लाख रुपये नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला परिषद सफाई घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल ने 13वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने सोमवार देर शाम अदालत परिसर के पास एक ठेकेदार व ऑटो एग्रोवेट इंडिया के फर्म के मालिक सुमित मिगलानी को काबू किया है। जांच में आरोपी के घर से 2.60 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। अब इस घोटाले में एक भाजपा नेता सहित दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। जानकारी अनुसार अब तक पकड़े गए आरोपी अधिकारी व ठेकेदार से एसीबी ने इन से कुल 14.65 लाख रुपये की सरकारी राशि बरामद की है। अभी प्रवीण सरदाना व तत्कालीन डिप्टी सीईओ जसविंदर सिंह अभी फरार चल रहे है । गौरतलब है कि यह मामला कोरोना महामारी के समय जुलाई 2021 का है। मामले में कुछ नेताओं ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। नेताओं ने शिकायत में बताया था कि वित्त वर्ष 2020-21 में जिला परिषद को 31.64 करोड़ मिले थे। इनमें से 15.82 करोड़ पंचायतों में सफाई कार्यों के लिए थे।

## खबर संक्षेप

### 14 को अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती सफीदों पहुंचेंगे

**सफीदों।** जोशीमठ उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में आदि शंकराचार्य द्वारा आठवीं शताब्दी में स्थापित ज्योतिर्मठ के 53वें एवं वर्तमान ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 श्री जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के आगामी 14 के सफीदों कार्यक्रम को नगर के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की एक बैठक नगर के फयूजन होटल में संपन्न हुई।

### कबड्डी लीग आयोजित करने को लेकर बैठक

**जींद।** सपोर्टिव कबड्डी लीग के आयोजन को लेकर बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी उचाना मंडी में मीटिंग हुई। सपोर्टिव कबड्डी लीग के सीईओ एडवोकेट सुरेंद्र सिंह कालीरामना पहुंचे। 45 किलोग्राम, 55 किलोग्राम लड़कों की कबड्डी लीग करवाने का विचार-विमर्श किया। कबड्डी लीग को लेकर आठ टीम में बनाई जाएगी। इन टीमों का ट्रायल सक अप्रैल से पंजाब में शुरू होगा। पंजाब राज्य की जिम्मेवारी मंगत सिंह संगरूर को दी गई। हरियाणा की जिम्मेदारी मोनू लाठर एवं रोहित शर्मा को दी।

### 400 मेधावी छात्र व छात्राओं ने दी परीक्षा

**जींद।** शिव गुरुकुलम छात्तर के प्रांगण में ग्रामीण आंचल के निर्धन मेधावी छात्र व छात्राओं के लिए निरूशुल्क शिक्षा हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया। सत्र 2025-26 के लिए कक्षा चौथी से 12वीं तक प्रवेश के लिए ली गई। परीक्षा में 400 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय निदेशक शेखर अग्रवाल द्वारा ग्रामीण, निर्धन मेधावी विद्यार्थियों के लिए निरूशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में कुल 610 विद्यार्थियों में से 480 ऐसे छात्र व छात्राएं हैं।

### पांच किसानों के खेतों से बिजली की केबल चोरी

**जींद।** गांव झील में पांच किसानों के खेतों से बिजली की केबल चोरी हो गई। गांव झील निवासी महेंद्र सिंह ने सदर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच मार्च रात को चोरों ने खेत में लगे समर्सिबल से 40 फट केबल चोरी हो गई। चोरी की घटना का पता उस समय लगा जब सुबह खेत में पहुंचा। पता चला कि चोरों ने खेत के पड़ोसी दलबीर की 100 फुट, चांदी के खेत से 40 फुट, संदीप के खेत से 25 फुट, रमेश के खेत से 40 फट केबल गायब मिली।

### जींदः सरकार ने इच्छुक कलाकारों से मांगे आवेदन

**जींद।** हरियाणा के जिला अंबाला में शहीदी स्मारक में प्रतीक चिन्ह को बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने इच्छुक कलाकारों, डिजाइनरों और लोगों से आवेदन मांगे है। जिस भी व्यक्ति का सबसे बेहतर प्रतीक चिन्ह होगा उस व्यक्ति को सरकार द्वारा एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति के दौरान शहीद हुए वीर जवानों की याद में 22 एकड़ में राज्य सरकार शहीदी स्मारक का निर्माण कर रही है। जो अंतिम चरण में है।

### जींदः फाल्गुन महोत्सव कीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**जींद।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा 26वां फाल्गुन महोत्सव का आगाज गत नौ मार्च से शुरू हो चुका है तथा सोमवार को दूसरे दिन एकादशी का कीर्तन भक्तों द्वारा नाच गाकर मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी पुर बालाजी धाम से आई हुई भजन गायिका खुशबू राजावत ने भजनों से भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। जींद के कलाकार जतिन धवन तथा रोहित राजपूत एवं अन्य कलाकारों ने भी बाबा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का अपने सुंदर-सुंदर भजनों से गुणगान किया।

### सॉफ्ट टायज बनाने का प्रशिक्षण संपन्न

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा गांव खानपुर में चलाए जा रहे 13 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 34 महिलाओं, लड़कियों ने सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया।

तृतीय नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# मटका दौड़ में काकड़ोद की कविता और बुजुर्ग दौड़ में सतपाल अव्वल

## लड़कियों की कबड्डी में डाहर की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लड़कियों की तृतीय नेशनल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता काकड़ोद गांव में आयोजित हुई। उद्घाटनकर्ता के तौर पर प्रो.कबड्डी कोच हरियाणा यशवंत सिंह, मनप्रीत पहुंचे। सरपंच अशोक कुमार ने अध्यक्षता की। फाइनल मुकाबले में डाहर (पानीपत) की टीम गुलिया (कैथल) को 35-15 से हरा कर चैंपियन बनी। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से काकड़ोद एवं राजस्थान के सेरड़ा की टीम रही। विजेता को 20 हजार, द्वितीय को 16 हजार एवं तृतीय स्थान पर रही टीमों को 6600-6600 रुपये देकर सम्मानित किया। मटका दौड़ में काकड़ोद गांव की कविता पत्नी नरेंद्र प्रथम रही। द्वितीय स्थान पर काकड़ोद गांव की सुदेश रही। बुजुर्गों की रेस में काकड़ोद गांव का सतपाल प्रथम स्थान पर रहा। विजेता को हुक्का पुरस्कार के रूप में दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे सूबे सिंह रहे। यशवंत सिंह ने कहा कि कबड्डी ग्रामीण अंचल का परंपरागत खेल माना जाता है। इस खेल में बेटियों की रूचि बढ़ रही है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को भी बेटों की तरह शिक्षा के साथ.साथ खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ग्राम स्तर पर खिलाडि़यों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से आगे आने के अवसर मिलते है। इस मौके पर अकादमी कोच मंजीत सिंह, संजय फौजी, कैप्टन बलवान श्योकंद, संजय फौजी, विशाल लाठर आदि मौजूद रहे।






जींद। कबड्डी में जीत के लिए दमखम दिखाते खिलाड़ी व कबड्डी में विजेता रही टीमें।



जींद। साइकलिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### साहिल ने गोल्ड मेडल जीता

**जींद।** साइकलिंग एसो के तत्वावधान में छठी माउंटेन बाइक साइकलिंग चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर 9 के पास वाले रोड पर किया गया। प्रतियोगिता में 120 खिलाडि़यों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा मंडल हैबतपुर की प्रधान सुमन देवी ने किया। जिला सचिव संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में इंडिविजुअल टाइम ट्रायल इवेंट में साहिल ने गोल्ड मेडल, आदर्श ने सिल्वर मेडल व सुमित ने ब्रोंज मेडल हासिल किया। महिलाओं के मुकाबले में रूबी ने गोल्ड मेडल, खुशी ने सिल्वर मेडल वह निशा ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। जूनियर वर्ग में दीपांशु ने गोल्ड मेडल, तरुण ने सिल्वर मेडल व रौनक ने ब्रॉज मेडल पर कब्जा किया और लड़कियों के मुकाबले में ननजोत ने गोल्ड मेडल, पलक ने सिल्वर मेडल और उमा ने ब्रॉज मेडल हासिल किया और इसी प्रकार सब जूनियर मुकाबले में सौरव ने गोल्ड मेडल, पुनीत ने सिल्वर और कार्तिक ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। वहीं अंडर 14 में लड़कियों के मुकाबले में हिमांशी ने गोल्ड, नेहा सिल्वर मेडल और इशानी ने ब्रॉज मेडल हासिल किया। सभी माउंटेन बाइक दौड़ में बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा व एक अंडर 12 का भी इवेंट करवाया। जिसमें आकाश ने गोल्ड मेडल, पुलकित ने सिल्वर मेडल और अरमान ने थर्ड मेडल हासिल किया और अंडर 23 में आदर्श ने गोल्ड मेडल, लव अहलावत सिल्वर मेडल जीता।




सफीदों। कार्यक्रम में मौजूद बहन कीर्ति व अन्य महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

# महिलाओं को स्वावलंबी होने की जरूरत : बहन

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सफीदों सेंटर पर मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सफीदों सैंटर के हैप्पी हाल में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी बहन कीर्ति ने की। इस मौके पर काफी तादाद में महिलाओं ने भाग लिया। संबोधन में बहन कीर्ति ने कहा कि प्राचीन काल में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता था, वह ज्ञान और शक्ति की प्रतीक थी। लेकिन जैसे-जैसे समय बदला, पितृसत्तात्मक संरचनाओं ने अधिकार ग्रहण कर लिए, जिससे नारी की स्वतंत्रता सीमित हो गई, उसकी आवाज दबा दी गई और उसका योगदान अनदेखा कर दिया गया। नारी की सहनशक्ति, उपलब्धियों और अधिकारों का सम्मान करते हर वर्ष संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है लेकिन महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से 1930 के दशक से ही, ब्रह्मकुमारिज आध्यात्मिक आंदोलन नारी सशक्तिकरण के अग्रदूत के रूप में कार्यरत रहा है। उस युग में, जब महिलाओं को अपने भविष्य पर कोई अधिकार नहीं था, ब्रह्माकुमारीज ने उन्हें नेतृत्व, शिक्षा और सीमाओं से मुक्त होने का साहस प्रदान किया। ईश्वरीय संकेतों और दृष्टि से प्रेरित होकर, प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने यह अनुभव किया कि सच्चा आध्यात्मिक नेतृत्व किसी एक लिंग तक सीमित नहीं हो सकता।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहेंः डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिक सतर्क रहें और किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है, साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा डब्लूडब्लूडब्लडॉटसाइबरक्राइमडॉटजिओवीडॉटइन वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है। जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। डीसी ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### शिक्षा में सुधार करना ही मेरा लक्ष्यः शर्मा

**जुलाना।** कस्बे की परशुराम धर्मशाला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन डा. पवन कुमार शर्मा पहुंचे। धर्मशाला में पहुंचने पर समाज के गणमान्य लोगों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए डा. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि हमें बच्चे को साक्षर करने पर नही बल्कि शिक्षित बनने पर ध्यान देना चाहिए। एक शिक्षित युवा ही सभ्य समाज की स्थापना में अपना अहम योगदान दे सकता है। जुलाना और जींद मेरी जन्मस्थली है और एक छोटे से क्षेत्र के व्यक्ति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना गौरव की बात है। प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए अपने कर्तव्य का पालन करूंगा। अभिभावकों को भी चाहिए कि वो अपने बच्चों को मोबोइल के सदूपयोग के बारे में जागरूक करें। इस मौके पर ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, त्रिलोकी राम शास्त्री, महाबीर शर्मा, परमानंद, अंतिमा शर्मा, राजबीर शर्मा, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



जुलाना। चेयरमैन डा पवन कुमार शर्मा का स्वागत करते गणमान्य लोग।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में नौ फरियादी पहुंचे

**जींद।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को आमजन तक सुगमता से पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल नौ समस्याएं आई। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि समाधान शिविर केवल शिकायतें दर्ज करने का मंच नही है बल्कि यह जनता और प्रशासन के बीच विश्वास और संवाद का सशक्त माध्यम है। यह शिविर प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता को दर्शाता है। जिससे नागरिकों को उनकी समस्याओं का न्यायपूर्ण और त्वरित समाधान मिल रहा है। शिविर में पेंशन, बिजली, पानी, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, राजस्व से जुड़ी शिकायतों को सुना गया। शिविर मे जींद के राजनगर निवासी बदन सिंह ने अपनी गली में सीवर ब्लॉकेज की समस्या रखी। जिससे गंदा पानी बाहर आकर रास्ता बंद हो गया है।

# जींदः 391 छात्रों ने इंटरव्यूह दिया

- राजकीय आईटीआई में लगा प्लेसमेंट कैंपस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य अनिल कुमार गोयल की अध्यक्षता में प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया। कैंपस में अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड गांव दादरी झज्जर हरियाणा कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया की गई। जिसमें विभिन्न ट्रेडों की 391 छात्रों ने इंटरव्यूह दिया। कैंपस में हरियाणा के अलग-अलग जिलों के साथ-साथ दूसरे राज्य राजस्थान, हिमाचल, पंजाब, उत्तर प्रदेश उम्मीदवारों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कंपनी ने अपने प्रक्रिया के आधार पर छात्रों का चयन किया। अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया कंपनी एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और घरेलू उपकरण बनाती है। जिन उम्मीदवारों का सिलेक्शन कंपनी ने इंटरव्यू के दौरान किया है, उनको परफॉर्मेंस के बेस पर वेतन वृद्धि भी की जाएगी। प्रधानाचार्य ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की ओर साथ मे यह भी बताया कि जिन कैंडिडेट का किसी कारण वंश इस कंपनी में चयन नहीं हो पाया है, उनको हताश होने की जरुरत नही है। इसी महीने लड़के व लड़कियों के लिए प्लेसमेंट हेतू मिंडा बावल रेवाड़ी हरियाणा व सोम्मीया कारपोरेशन लिमिटेड नीमराना राजस्थान कंपनी आ रही है।



जींद। कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। रजत पदक विजेताओं का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिवनारायण ने जीता रजत

जींद। गत पांच से आठ मार्च तक चंडीगढ़ में हुई अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता में रावमावि शामलो कलां के प्राचार्य ने पूरे भारत में अपना परचम लहराते रजत पदक प्राप्त किया। चार दिन तक चली इस राष्ट्रीय स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में शिवनारायण शर्मा प्राचार्य राजकीय वमावि शामलों कलां तथा बलराज एबीआरसी जुलाना ने 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लेते पूरे भारत में कलात्मक युगल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सोमवार को जींद पहुंचने पर शिक्षा विभाग की तरफ से जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने कार्यालय में सभी विजेताओं का स्वागत किया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शिवनारायण शर्मा तथा बलराज जी को बधाई दी और शिक्षा विभाग का नाम रोशन करने के लिए भविष्य में भी होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# खुले में कचरा न फैंकेः नपा सचिव

- अपने घरों में दो तरह के डस्टबीन रखने का किया लोगों से आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को मध्य नजर रखते ऑक्सफोर्ड लाइब्रेरी उचाना में कचरे के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। नपा उचाना आईईसी एक्सपर्ट, आईईसी टीम मौजूद रही। संजीव चहल द्वारा बताया गया कि कचरा आज के समय में एक गंभीर विषय बन चुका है जो जो प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि नपा उचाना टीम हर वार्ड स्कूल एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर कचरे के बारे में जानकारी दे रही है की कैसे कचरे का निस्तारण संपूर्ण तरीके से कर सकते हैं। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से बार-बार आह्वान किया जा रहा है कि वह अपने घरों में दो तरह के डस्टबीन रखें जिससे गिला, सूखा कचरा अलग-अलग करके गाड़ियों में डाला जा सके। नपा सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि लोग खाली प्लॉट में कचरा डालते हैं जिससे बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। कुछ स्थानों का निरीक्षण किया काफी प्लास्टिक की थैलियां व अन्य कचरा फेंका मिला। आने वाले समय जो लोग खुले में कचरा फैंक रहे हैं उनके प्रति नपा द्वारा सख्त कार्यवाही करेंगी।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। योगासन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### योग सत्र आयोजित

नरवाना। स्थानीय पटेल नगर स्थित चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना में विद्यार्थियों के परीक्षा तनाव को कम करने के उद्देश्य से योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य सोमेश ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम की विधियाँ सिखाईंए जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैंए बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करने में सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है और परीक्षा के दौरान घबराहट व तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है। कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश वत्स ने योग विशेषज्ञ योगाचार्य सोमेश का आभार व्यक्त किया।

**प्रशिक्षण** सरपंच, पंच, पंचायत सचिव व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

# हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता : संजीव कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है। ये बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा दालमवाला में आयोजित पीआरआई सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर संबोधित करते कार्यकारी अभियंता संजीव ने कही। इससे पूर्व उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह ने सोमवार को प्रशिक्षण शिवर का शुभारंभ किया। कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि जींद जिले में विभाग द्वारा कनाल बेस व ट्यूबवेल से गांवो में पेयजल की सप्लाई की जा रही है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए समय-समय पर पेयजल की जांच करवाई जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों से फील्ड में आ रही समस्याओं, ग्रामीणों द्वारा पेयजल को लेकर की जा रही मांगों, शिकायतों व प्रशिक्षण शिविर के विषय में फीडबैक लिया।



जींद। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि ग्राम सीवरेज समिति और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिसके लिए इस कमेटी में स्वयं सहायता समूह की एक-एक महिला को शामिल किया जा रहा है जिन्हें रोजगार भी मिलेगा।इस मौके पर खंड समन्वयक दिनेश मलिक, कुशल शर्मा व सोमलता सैनी ने सरपंच, पंच, पंचायत सचिव व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पेयजल जांच का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर उन्होने आनलाइन पेयजल बिल भरने की विधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत शाहपुर, रईटल कलां, लोहचब, रामराये, बराह कलां, बराह खुर्द, कर्मगढ, रधाना व सिवाय के सरपंचों ने पेयजल सें संबंधित समस्याओं को कार्यकारी अभियंता के सामने रखा।



नरवाना। होली उत्सव मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हर्षोल्लास से मनाया होली उत्सव

**नरवाना।** भारतवर्ष का प्रसिद्ध व ऐतिहासिक पर्व होली उत्सव किड्स मेलोडी के बच्चों ने स्थानीय नेहरू पार्क में मनाया। संस्था की प्राचार्या नीतू गोयल ने बताया कि होली का त्यौहार अनूठा त्यौहार है जिसे हर वर्ग के लोग मनाते हैं। यह पर्व आसुरी शक्तियों पर दैवीय शक्तियों की विजय का प्रतीक है। भक्त प्रह्लाद दैवीय शक्ति व होलिका बुराई का प्रतीक हैए इसलिए होलिका दहन बुराई का नाश करने का प्रतीक है। जब बुराई मिट जाती है तो हर्षोल्लास स्वाभाविक हैए इसलिए लोग रंगों के द्वारा खुशी जाहिर करते हैं। सभी बच्चों ने एक.दूसरे पर सूखे और बिना रसायन युक्त रंग लगाकार होली का आनंद लिया। इससे नन्हे बच्चे आपसी प्यार और सौहार्द भी सीखते है। किड्स मेलोडी के निदेशक ने स्टाफए अभिभावकोंए बच्चों और क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



### बाबा श्याम का फाल्गुन महोत्सव 30 को : मैहला

**पूंडरी।** 30 मार्च को पूंडरी में बाबा श्याम का 5वां विशाल फाल्गुन महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में हजारों श्याम प्रेमी भाग लेंगे और बाबा श्याम की आराधना करेंगे। डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली और कृष्ण बंसल ने बताया कि महोत्सव में बाबा श्याम का श्रृंगार, आतिशबाजी, बंसी वाला दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, जयपुर से रजनी राजस्थानी बाबा का गुणगान व दर्पण शर्मा और बहादुर सैनी के भजन में विशेष रहेंगे। महोत्सव को लेकर आसपास के गांव के श्याम प्रेमियों में बड़ा उत्साह है।

### मारपीट में पति-पत्नी घायल, पांच नामजद

**कैथल।** गांव डयोडखेडी में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव की सुनीता ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 मार्च को सुल्तान, राजेश, साहिल, रीना और कमल कुमार ने लोहे के पाइप से हमला करते हुए उसे तथा उसके पति पवन कुमार को घायल कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### इंदिरा आवास कॉलोनी में गति अवरोधक की मांग

**राजौंद।** इंदिरा आवास कॉलोनी के सामने गति अवरोध बनाने की मांग पिछले लंबे समय से कॉलोनी वासियों द्वारा की जा रही है। लेकिन संबंधित विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे लोगों में रोष है। इस बारे वार्ड नंबर 6 निवासी सुभाष, शिव कुमार, राजेश, रामकुमार, सनी, पंकज, दर्शन ने बताया कि यहां छोटे.छोटे बच्चे हर समय सड़क से गुजरते हैं व कॉलोनी नगर से बाहर होने के कारण अक्सर यहां से बसे व अन्य छोटे बड़े वाहन बड़ी तेजगति से गुजरते हैं। जिससे हर समय हादसा होने का भय बना रहता है।

### महिला ने प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया

**कैथल ।** महिला पुलिस कैथल ने एक महिला की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव कसान की विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गांव घरौंडा के रिंकू के साथ रिती रिवाज से हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ति करते थे। हर रोज की मारपीट तथा तानों से परेशान होकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी। हेड कांस्टेबल सीमा रानी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण

# भविष्य की पूंजी व सेहत की खेती है प्राकृतिक खेती : डॉ. रमेश वर्मा

किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर देश को जहर मुक्त भोजन करवा सकते हैं उपलब्ध

- किसानों को मिट्टी व पानी की जांच करवाने का आह्वान



**कैथल।** प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करते किसान फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में चार गांव गुहणा, जसवंती, बात्ता तथा खेड़ी शेरू के किसानों को 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉ रमेश वर्मा ने बताया कि खेती में रसायनों के अत्याधिक प्रयोग से समाज को कैंसर जैसी घातक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आदमी की औसत आयु भी घट गई है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती भविष्य की पूंजी और सेहत की खेती है, जिसे अपनाकर हम अपने परिवार समाज और देश को जहर मुक्त भोजन उपलब्ध करवा सकते हैं।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉ जसबीर सिंह ने कहा कि रसायन मुक्त खेती आज समय की मांग हैं तथा किसानों के पास खुद की जमीन हैं, इसलिए वो सौभाग्यशाली है कि वो अपना शुद्ध अनाज व सब्जियां पैदा करके खा सकते है। उन्होंने आगे कहा कि चारा फ सलों पर कीटनाशकों के प्रयोग से कीटनाशक दूध के माध्यम से सीधे ही शरीर में चले जाते हैं जिससे स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ते है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे सबसे पहले अपने खेत में हर रोज प्रयोग होने वाली सब्जियों तथा चारा फसलों को प्राकृतिक खेती प्रणाली से उगाकर इन्हें जहर मुक्त करें तथा अपना व अपने परिवार की खान-पान की आदत में सुधार करें। मृदा वैज्ञानिक व आयोजक डॉ दीपक कुमार ने किसानों को मिट्टी व पानी जांच करवाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से हम अपने खेत कि मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

प्राकृतिक खेती में रासायनिक खादों व कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता, बल्कि प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए उत्पादों जैसे जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र व दशपर्णी अर्क इत्यादि का उपयोग किया जाता हैं। ये प्राकृतिक उत्पाद मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों कि संख्या बढ़ने में मदद करते हैं और इस पद्धति से पैदा होने वाली फसलें भी स्वास्थ्य के लिए वरदान हैं।

*रेडक्रास सोसायटी का कार्यक्रम*

# ढांड में टीबी पीड़ित रोगियों को पौष्टिक आहार किट की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति के मार्ग दर्शन में ढांड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में टीबी पीड़ित रोगियों को पोष्टिक आहार किट का वितरण किया गया।

जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल, टीबी इंचार्ज डॉ. संदीप बातिश, एसएमओ डॉ. श्याम सुंदर मौजूद रहे। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत बनाए गए डोनरों व उन द्वारा गोद लिए गए टीबी पीड़ति रोगियों की सहायतार्थ ढाड में ग्राम पंचायतों, सरपंचों, ग्राम सचिवों व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के सहयोग से 47 जरूरतमंद रोगियों को पोष्टिक आहार किट वितरित की गई।


**कैथल।** टीबी पीड़ितों को राशन वितरित करते रेडक्रास सोसायटी के सदस्य और अन्य।

## क्रिकेट में करोड़ा की टीम प्रथम



**पाई।** करोड़ा गांव ने क्रिकेट प्रतियोगिता में भारी अंतर से जीत दर्ज करके तहलका मचा दिया। गांव के सरपंच दिनेश ने बताया कि ग्राम पंचायत बाबा रामनाथ मंदिर के द्वारा निकटवर्ती कुकरकंडा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 गांव की टीमों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें से फाइनल में गुहणा तथा करोड़ा की टीमें पहुंच पाई। करोड़ा की टीम ने पहले खेलते हुये 20 ओवर में नौ विकट पर 216 रन बनाये। बाद में खेलते हुये गुहणा की टीम 15.2 ओवर में 113 रन पर आल आउट हो गई। जिससे करोड़ा ने फाईनल में 103 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। इस पर टीम ने ट्राफी जितने के साथ- साथ पहला ईनाम 25 हजार रुपये तथा दूसरा ईनाम गुहणा ने 15 हजार का प्राप्त किया।


**कैथल।** बैठक में भाग लेते किसान नेता भूराराम पबनावा एवं अन्य किसान।

### बैठक में किसानों ने समस्याएं की साझा

**पूंडरी।** किसान भवन पूंडरी में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं को सांझा किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक उप-प्रधान राजेश पूंडरी ने की, जबकि बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय सलाहकार अजित सिंह हाबडी, प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा और कार्यकारी अध्यक्ष बलवान सिंह ने भाग लिया। बैठक में किसानों ने सरकार से 3 काले कानूनों को वापस लेने, एम.एस.पी. गारंटी कानून लागू करने, स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ विरोध जताने, किसानों और मजदूरों का कर्ज माफी करने, सुरक्षा के लिए 2000 रुपए की सहायता देने, मंडियों में सफाई और पानी की व्यवस्था करने और किसानों को 200 रुपये प्रति क्विंटल की सहायता देने की मांग की। किसानों ने सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की। बैठक में शमशेर पबनावा, बलवान कौल, पालाराम संगरौली, हरपाल संगरौली, सुरेश बंदराना, जगदीश पाई, रणधीर पाई, जगमेल बरसाना, ईशम सिंह पूंडरी, लक्खा सिंह हाबड़ी, जय सिंह ट्यौंठा, जयकिशन पबनावा, भगत सिंह सिकंदर खेड़ी, पिरथी पूंडरी, प्रेम पूंडरी, सुबे सिंह, नीरज हाबड़ी, धर्मा पूंडरी सहित अन्य मौजूद रहे।

*नशा मुक्त अभियान जारी*

# युवाओं को खेलों का अभ्यास करा रहे हैं पुलिस कर्मचारी

- 25 स्पेशल पुलिस ऑफिसर खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त कैथल अभियान के तहत जहां आमजन को लगातार नशा न करने बारे जागरूक किया जा रहा है।

वहीं पर खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किए गए स्पेशल पुलिस ऑफिसर प्रतिदिन स्कूल ग्राउंड, स्टेडियम, पार्क व एकेडमी, पार्क वगैरा में युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित कर सुबह-शाम खेलों/ योग/ व्यायाम का अभ्यास करा रहे है तथा खेलों की तरफ युवाओं को आकर्षित करके नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। एसपी राजेश कालिया द्वारा जिला कैथल में 25 स्पेशल पुलिस ऑफिसर को खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जो युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित करेंगे। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है और गांव के युवा भी खेलों में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रहे है। एसपी राजेश कालिया ने कहा है कि खेल बहुत कम उम्र में दौलत, शोहरत वो सब चीज देता है, जिससे एक अलग पहचान बनती है। इसलिए युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों में अपना भविष्य तलाश करें।


**कैथल।** युवाओं को खेलों का अभ्यास करवाते पुलिस कर्मचारी।


**कैथल।** सांसद नवीन जिंदल से मुलाकात के दौरान सतीश हजवाना एवं अन्य।

### सतीश हजवाना ने मुख्यमंत्री और सांसद से की मुलाकात, क्षेत्र की विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

**पूंडरी।** अनाज मंडी के पूर्व प्रधान एवं वार्ड नं. 1 से प्रत्याशी सतीश हजवाना ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं पर चर्चा की और क्षेत्र के विकास के लिए नए अवसरों पर चर्चा की। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने सांसद नवीन जिंदल से भी दिल्ली में मुलाकात की और क्षेत्र की विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। सतीश हजवाना ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस मुलाकात से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस मुलाकात को क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में विनोद बंसल, संदीप गर्ग, श्रवण सिंगला, सुनील गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

*सोशल मीडिया पर की चर्चा*


# एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने सीखे योग के गुर

- सुभ्रांशु ने दी साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का दूसरा दिन संपन्न हुआ।

दूसरे दिन की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भांबू ने दीप प्रवजलित कर सत्र का शुभारंभ करवाया। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर योगाचार्य रोहित आचार्य गिरिराज, योगाचार्य मदनलाल व आचार्य राजकुमार द्वारा एन एस एस स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग के माध्यम से छात्रों की एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है जो उन्हें शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता करता है। सुबह के सत्र में डॉ. नवीन, एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ मास कम्युनिकेशन ने "सोशल मीडिया में नैतिकता" पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के उपयोग और इसके नैतिक पहलुओं पर चर्चा की जिससे स्वयंसेवकों को इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के बारे में जानकारी मिली। शाम के सत्र में सुभ्रांशु, एसएचओ साइबर क्राइम कैथल ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रकार उनके प्रभाव और सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की।


**कैथल।** शिविर में योगासन करते विद्यार्थी

# शिविर में स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरतमंद रोगियों को दवाइयां नि:शुल्क की वितरित

- झुग्गी-झोपड़ियों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति के दिशा-निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी कैथल द्वारा टीबी परियोजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अनाज मण्डी कैथल के नजदीकी झुग्गी झोपड़ी में किया गया ।

इस शिविर में जरूतमंद रोगियों को स्वास्थ्य जांच करके दवाईयां वितरित की गई। जिला रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने बताया कि कैथल टीबी से मुक्ति की ओर अग्रसर है। टीबी हारेगा-देश जीतेगा। टीबी के लक्षण आएं-तुरन्त डाक्टर के पास जाएं। दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार आना, रात में पसीना आना, भूख न लगना और वजन घटना आदि टीबी के प्रमुख लक्षण है। आधुनिक जांच और ईलाज की सुविधा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त उपलब्ध है। टीबी के जीवाणु खांसने और छीकनें से फैलते है। खांसते समय मुंह ढक कर रखें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी गई सभी सुविधाए सरकारी और प्राईवेट मरीजों के लिए मुफ्त उपलब्ध है। अच्छा खान-पान न करने वालों को टीबी ज्यादा होती है, क्योंकि कमजोर इम्यूनिटी से उनका शरीर बैक्टीरिया का वार नही झेल पाता। जब कम जगह में ज्यादा लोग रहते है तब इन्फैक्शन तेजी से फैलता है। स्मोकिंग करने वाले को टीबी का खतरा ज्यादा होता है।

उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में 11 मार्च को लघु सचिवालय के पीछे झुग्गी-झोपड़ी, बस स्टेंड के नजदीक झुग्गी-झोपड़ी, 12 मार्च को हनुमान वाटिका व गुडविल होटल कैथल के नजदीक व सीवन बाईपास कैथल में झुग्गी-झोपडी में जरूरतमंद रोगियों के स्वास्थ्य की जांच का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर सिविल अस्पताल कैथल से टीबी इन्चार्ज सन्दीप बातिश एवं उनकी टीम, डॉ. बीरबल दलाल, पवन कुमार, रामपाल आदि मौजूद रहे।


**कैथल।** मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** बुजुर्गों को आने वाली समस्याओं पर विस्तार से की चर्चा

# वेलफेयर सोसायटी ने स्थापना दिवस समारोह में वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

- हमें सदैव अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए
- मार्च माह में जन्मे सदस्यों का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी कैथल का 10वां स्थापना दिवस समारोह प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में पंजाबी सेवा सदन के प्रांगण में आयोजित किया गया।

मंच संचालन करते हुए महासचिव धन सचदेवा ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र व होली की रंग-बिरंगी बधाई से किया गया,तत्पश्चात संस्था के सदस्यों रामलाल कालड़ा, रामकिशन दिगानी, रुपलाल गम्भीर, मनोहर लाल आहूजा, रूपलाल ग्रोवर शकुन्तला निझावन, विभा गेरा, कमलेश चावला, कमलेश सेतिया ने अपने भावपूर्ण भजनों से सदन को आनंदित किया व दर्शन एकादमी की छात्रा लविषा ने सोलो नृत्य से मनोरंजन किया तथा कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के रंग में फूलों की होली खेली गई। माता पिता व घर के बड़े बुजुर्ग धरा पर परमात्मा का स्वरूप होते हैं, हमें सदैव अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए, उपरोक्त विचार नगर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हैफेड हरियाणा चेयरमैन कैलाश भगत ने बतौर मुख्य अतिथि प्रकट किए। मुख्य संरक्षक महेश दुआ ने मुख्य अतिथि कैलाश भगत व वरिष्ठ नागरिक महासंघ,हरियाणा के प्रधान पी.एन मोंगिया व अन्य गणमान्य अतिथियों का अपनी मधुर शायरी से अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मार्च माह में जन्मे सदस्यों का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक तथा उपहार भेंट कर मनाया गया तथा कार्यकारिणी के सभी सम्मानित सदस्यों को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। प्रधान पी.एन मोंगिया ने बुजुर्गों को आने वाली सामाजिक, पारिवारिक व प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।



**कैथल।** वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### इनको सम्मानित किया

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रेणु चावला, डॉ आर.डी चावला, प्रसिद्ध अधिवक्ता अरविंद खुरानिया,नेत्र विशेषज्ञ डॉ विकास गुप्ता, हरियाणा राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत छाबड़ा, शिवशंकर पाहवा, प्रदर्शन परुथी, सिरायकी परिवार के प्रधान महेश धमीजा,राजकुमार मुखीजा, सतीश राजपाल,सुषम कपूर, सुरेश इलाहावादी,अनिल गुलाटी, संजय गर्ग, रुलदुराम को सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

### लक्ष्मण पुरी महाराज की पुण्यतिथि पर लगाया लंगर

**कैथल।** कैथल के रेलवे गेट स्थित प्राचीन दक्षिणी हनुमान मंदिर में सिद्ध बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज की 20वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने अपार भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भाग लिया और बाबा को नमन करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुतियाँ अर्पित कीं।

हवन के पश्चात विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान शिव, हनुमान जी और बाबा लक्ष्मण पुरी जी की स्तुति की। संपूर्ण मंदिर परिसर शंखध्वनि, घंटा-घड़ियालों की गूंज और भक्तों के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

आरती के उपरांत विशाल भंडारे (लंगर प्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य लंगर सेवा में मंदिर समिति के सेवकों और स्वयंसेवकों ने पूरी श्रद्धा और समर्पण से सेवा प्रदान की ।

**NOTICE**

I, Parmod Kumar S/o Harbans Lal R/o House no 1374, A Block , Urban State, Jind Haryana declare that I have changed my name from Parmod Kumar to Parmod Gulati. I may be known as Parmod Gulati in future for all purposes.

**सूचना**

मैं, नन्दलाल भण्डारी पुत्र श्री पदम भण्डारी निवासी मकान नं. सी 1 शुगर मिल्ज कालोनी नरवाना रोड जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री किरण मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, मंजीत संगरोहा उर्फ मंजीत सिंगरोहा पत्नी श्री अजय सिंह निवासी मकान नं. 2130 अर्बन अस्टैट वार्ड नं. 20 जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मैं मंजीत संगरोहा उर्फ मंजीत सिंगरोहा पत्नी श्री अजय सिंह ने अपना नाम बदलकर मनजीत देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे मनजीत देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**न्यायलय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द**

मन्जु पुत्री हरबंस लाल हाल पत्नी कपिल हंस जिला निवासी शांति नगर पटियाला चौक जीन्द

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्रीमति कृष्णा वंती एक दस्तावेज जिसमें बरूए वसीका 3723 दिनांक 08.02.1984 दफ्तर सब रजिस्ट्रार साहब जीन्द स्थानान्तरण / वसीयत पत्र पंजीकृत इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता कृष्णा वंती पत्नी श्री स्व. हरबंस लाल का स्वर्गवास 01.10.1999 को हो चुका है उनकी मृत्यु पश्चात निम्नलिखित वारसान हैं-

1. मंजू आधार नं. 5333 0438 2559 मृतक की पुत्री

इसके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिसान कोई नहीं है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर -2 इस कार्यालय के कार्यदिवास पर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा

**यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 10/03/25 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया जाए।**

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जीन्द।

## खबर संक्षेप

### हमला कर घायल किया दो भाइयों पर केस दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलासर के सुखजीत ने आरोप लगाया है कि 8 मार्च को सायं के समय बलविंदर और बलजीत नामक दो भाइयों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट मां-बेटे को किया घायल

**कैथल।** गांव जड़ौला में कुछ व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करते हुए मां बेटे को घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव जडौला की मूर्ति देवी ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 मार्च को शाम के समय सुरेश, सुखबीर, कृष्ण और सुलोचना उसके घर में घुस गए। आरोप है कि आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए उसे तथा उसके बेटे को घायल कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी एएसआई भान सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीआरएसयू में एनएसएस शिविर का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 1 द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जो विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण को समर्पित था। यह शिविर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक चला। इसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सामाजिक एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियां संपन्न की। स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें डा. देवेंद्र सिंह यादव ने महिला सशक्तिकरण एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर विचार व्यक्त किए।

### बारिश से खराब फसलों के मुआवजे की मांग

**जींद ।** भाकियू की बैठक शिव कॉलोनी स्थित किसान भवन कार्यालय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला की अध्यक्षता में हुई। यहां किसानों ने बारिश के कारण खराब हुई गेहूं की फसल के मुआवजे की मांग को लेकर नारेबाजी की और फिर लघु सचिवालय पहुंचकर डीसी के नाम एसडीएम सत्यवान मान को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता छज्जूराम कंडेला, बारूराम, बींद्र नंबरदार, राजेंद्र पहलवान, लीलूराम, रामफल कंडेला, उमेद रेढ़ू, जयबीर लोहान, राममेहर लोहान और सुधीर ने कहा कि बारिश के कारण खराब हुई गेहूं की फसल पर किसानों को एक हजार रुपये क्विंटल बोनस और 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। नेहरों में समय पर पानी छोड़ा जाए।

### चोरों ने लाखों की नकदी व सोने के गहने चुराए

**कैथल ।** में नेहरू गार्डन कॉलोनी की गली नंबर 4 में चोर रात के समय एक मकान से 3 लाख रुपए कैश व पांच तोले सोने के गहने चोरी कर ले गए। गहनों में सोने की चेन व अंगूठियों सहित अन्य शामिल हैं। घटना रविवार रात की है, जब परिवार किसी काम से अपने गांव में गया हुआ था। चोरों ने कमरों के ताले और अलमारी को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। मकान के मालिक ईश्वर सिंह ने सिविल लाइन पुलिस को बताया कि उनका परिवार द्वादशी पर पूजा पाठ के लिए पानीपत के चुलकाना धाम पर जाता है। वे सब गांव डीग में इकट्ठे होते हैं और वहीं से धाम पर जाते हैं। रविवार शाम को वह परिवार सहित अपने पैतृक गांव डीग में चले गए।

## मंत्री ने बैठक में पार्षदों व अधिकारियों को दिया आपसी तालमेल का मंत्र

# शहर का विकास, स्वच्छता व सौंदर्यकरण नप पार्षदों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए: बेदी

- प्रत्येक वार्ड में पारदर्शिता के साथ काम करने की नसीहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना**

शहर का विकास स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण नगर परिषद एवं नगर पार्षदों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए नप पार्षद व प्रशासन आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। शहर के विकास के लिए अलाट बजट को वार्ड वाइज प्रस्तावित कार्यों में शत प्रतिशत पारदर्शिता से लगवाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। लक्ष्य प्राप्ति ना होने पर संबंधित व्यक्ति या अधिकारी पूर्णतया जवाब देह होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को नगर परिषद व अन्य विभागीय



नरवाना । बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री बेदी। फोटो :हरिभूमि

अधिकारियों एवं नगर पार्षदों की सामूहिक बैठक में दिए। लघु सचिवालय स्थित सभागार में हुई इस बैठक में कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में शहर की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए आगामी वित्त वर्ष के लिए करीब 29 करोड रुपये के प्रस्तावित बजट को मंजूरी दी गई। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित बजट में निर्धारित राशि पारदर्शिता के साथ खर्च की जाए और इसके तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना लाजमी बनाया जाए । बैठक में पास एजेंडों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए । उन्होंने निर्देश दिए कि गृहकर स्वामित्व योजना प्रॉपर्टी टैक्स तथा दुकानों का किराया इत्यादि की पूर्णतया वसूली भी नगर परिषद के अधिकारी सुनिश्चित करें और हाउस की बैठक निर्धारित समय अवधि में अवश्य बुलाई जाए ताकि उक्त मदो से प्राप्त धनराशि को सर्व सहमति से एलोकेशन कर विकास कार्यों के लिए सदुपयोग किया जा सके। बदहाल सफाई व्यवस्था का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि शहर में स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण बनाए रखना नप का मुख्य फोक्स हो। डोर टू डोर कूड़ा उठवाना सड़क व गलियों के कूड़े को डस्टबिन में डलवाना, शहर के हर वार्ड व मोहल्ले में निरंतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में चेयरपर्सन नप मुकेश विशाल मिर्धा, उप प्रधान शशिकांत शर्मा व नगर पार्षदों के अलावा जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिकए एसडीएम जगदीश चंद्रए ईओ नगर परिषद ऋषिकेश चौधरीए एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग गुरमीतए एक्सईएन बिजली विभाग अनुजए सचिव नगर परिषद संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



नरवाना। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री बेदी। फोटो :हरिभूमि

### बिनैण खाप के दनोदा चबूतरे पर बनेगा पुस्तकालय सामाजिक बुराइयों से लड़ने में खाप की अहम भूमिका

**नरवाना।** खाप पंचायतों द्वारा किए जाने वाले आयोजन सामाजिक भाईचारा, एकता व समरसता का संदेश देते है। खाप पंचायत को समय.समय पर सामाजिक जागरूकता के आयोजन करने चाहिए। इससे भावी पीढ़ी को सामाजिक मर्यादाओं के अनुसार मूल्य आधारित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है और सांस्कारिक जीवन में भी सार्थकता को बल मिलता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को दनोदा स्थित चबूतरा पर आयोजित सर्वजातीय बिनैण खाप के आयोजन को संबोधित करते व्यक्त किया। सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने में पंचायत का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आज भी प्राचीन महापुरुषों द्वारा दिखाएं रास्ते और सामाजिक उसूल बराबर प्रासंगिक है। खाप प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वह समय.समय पर सामाजिक जागरूकता के साथ शिक्षा के प्रचार प्रसार पर भी बल दें। इसके लिए यदि शिक्षण संस्थानए तकनीकी संस्थान या मेडिकल संस्थान जैसी संस्थाओं की स्थापना करने की भी जरूरत हो तो उसके लिए भी सामूहिक तौर पर प्रयास करें और वह स्वय स्वयं भी व्यक्तिगत तौर पर खाप के सदस्य होने के नाते खाप प्रतिनिधियों की मंशा अनुसार बराबर सहयोग देते रहेंगे। मंत्री ने खाप की मांग पर चबूतरे पर पुस्तकालय के निर्माण के लिए 21 लाख रुपए अनुदान देने की भी घोषणा की। खाप प्रतिनिधियों द्वारा कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में वेटरनरी सर्जन नियुक्त हुई खाप की बेटी श्वेता नैन को भी सम्मानित किया गया। खाप प्रधान रघुबीर तथा उसकी टीम द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों की दिशा में अच्छे कदमों का नतीजा है और इसे खाप पंचायत की सामाजिक शक्ति और बढ़ेगी। इस मौके खाप प्रधान रघुवीर नैनए सभी तपों के प्रधानए अन्य पदाधिकारीए पूर्व विधायक पिरथी नम्बरदार सहित सर्वजातीय पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विधायक ने किया फतेहपुर जंगल का औचक निरीक्षण

- पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

पूंडरी हल्का विधायक सतपाल जांबा ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ सोमवार को फतेहपुर स्थित जंगल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हरियाणा गो आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग भी उनके साथ मौजूद रहे। 215 एकड़ में फैले इस घने जंगल को देखकर विधायक जांबा ने इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।विधायक जांबा ने कहा कि फतेहपुर का यह जंगल



पूंडरी। फतेहपुर जंगल का दौरा करते हुए विधायक सतपाल जांबा

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और इसे विकसित करके पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जंगल में अधिक से अधिक छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं, ताकि वन क्षेत्र का और अधिक विस्तार हो सके। साथ ही, वन्य जीवों के लिए पानी की व्यवस्था और जंगल की सुरक्षा के लिए मजबूत बाड़ लगाने की योजना पर भी चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि जिस प्रकार इस जंगल के पास नहर बह रही है।

# टीबी मुक्त अभियान में 64 पंचायतों के नाम

- 19 पंचायतें टीबी मुक्त टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनने को स्वास्थ्य विभाग ने किए हैं मानक तय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत राज्य टीम को जिले की 64 पंचायतों के नाम भेजे गए हैं। इन पंचायतों की अब राज्य की टीम की ओर से जांच की जाएगी। राज्य टीम के मानक पूरे करने वाली पंचायतों को ही टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। पिछले साल 19 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। विभाग की टीम अब प्रत्येक गांव में



नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया।

जाकर टीबी के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के लिए हैं मानक तय

टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की पुष्टि के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मानक तय किए हैं। इसमें टीबी मुक्त प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायत में एक या एक से कम मरीज होने चाहिए। ग्राम पंचायत में एक हजार लोगों में कम से कम 30 लोगों की बलगम की जांच अनिवार्य है। डीबीटी के तहत पोषण योजना का लाभ टीबी मरीजों को मिलना अनिवार्य है। इन सभी मानकों को पूरा करने वाली पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए घोषित किया जाएगा।

इस समय जिले में 1091 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। टीबी के मरीज को इस समय एक हजार रुपये खुराक भत्ता के रूप में दी जाती है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण ये संक्रमण होता है। बैक्टीरिया आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करता है।

इसके अलावा इसका दुष्प्रभाव किडनी, रीढ़ और मस्तिष्क पर भी देखा जा सकता है। टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों की बीमारी मानी जाती है। इसके लक्षण सांस की समस्याओं और फेफ ड़ों की अन्य दिक्कतों से संबंधित होते हैं। ऐसे मरीजों की आमतौर पर छह महीने तक इलाज चलता है।

### स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत : डॉ. पालेराम

नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले को टीबी मुक्त किया जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत राज्य टीम को जिले की 64 पंचायतों के नाम भेजे गए हैं। इन पंचायतों की अब राज्य की टीम की ओर से जांच की जा रही है।

# कस्बा राजौंद को खेल स्टेडियम की दरकार

- राजौंद खंड के अधिकतर गांवों में अभी तक नहीं बने खेल स्टेडियम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

सरकार एक और जहां प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व खिलाड़ियों को हर सुविधा मुहैया करवाने के दावे करती है। वहीं राजौंद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेल का आधार एक अदद मैदान तक नहीं है। खिलाड़ियों को खाली खेतों व गलियों में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र में अधिकतर गांवों में खेल मैदान के अभाव के चलते खिलाड़ियों को कई तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। बताया कि गांव में खेलने के लिए खेल मैदान न होने के कारण गांव के युवाओं को खेलों से वंचित




राजौंद। राजकीय विरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का विरान पड़ा स्कूल मैदान।

रहना पड़ रहा है।

खिलाड़ियों ने बताया कि वह खेल मैदान के अभाव में वह न तो खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवा सकते हैं तथा न ही वह अभ्यास कर सकते हैं। इन खिलाड़ियों ने बताया कि खेतों में बनाए गए अस्थाई मैदानों में भी उन्हें कुछ दिन खेलना ही नसीब हो पाता है। क्योंकि खाली खेतों में कुछ दिन बाद बिजाई कर दी जाती है, जिससे उनसे वह मैदान भी छिन जाते हैं। इसके बाद खिलाड़ियों को गांव की सड़कों व गलियों में खेलना पड़ता है। इन खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि खेल के मैदान के अभाव में गांव की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलता।

जिससे कई प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं। क्रिकेट प्रेमी राहुल छाबड़ा, पवन मितल, मनोज शर्मा, जोगिंद्र सिंह, सोनू शर्मा, मोहन शर्मा, दीपक इत्यादि ने बताया कि अगर कस्बा में एक अच्छा खेल स्टेडियम बनाकर उसमें एक कोच की नियुक्ति की जाए तो कस्बा से कई होनहार खिलाड़ी प्रदेश व देश व विदेश तक अपनी बहादुरी के परचम लहरा सकते हैं। इन खिलाड़ियों ने मांग की कि कस्बा में एक खेल स्टेडियम अवश्य बनाया जाए ताकि गांव के होनहार खिलाड़ी अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखार सके। जिसका लंबे समय से इंतजार है।

# महिला वैश्य समाज ने मनाई होली

- होली का त्योहार विश्वभर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है : सरोज गोयल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

महिला अग्रवाल वैश्य समाज सफीदों द्वारा पुरानी अनाज मंडी में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरोज गोयल ने की। इस मौके पर महिलाओं ने रंग, गुलाल व फूलों की होली खेली। महिलाओं ने होली के गीत गाए और गीतों की धूनों पर नृत्य किया। इस मौके पर महिलाओं ने होली में केमिकल के रंगों का उपयोग न करने व प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सरोज गोयल ने कहा कि सनातन धर्म का सबसे



सफीदों। होली मिलन समारोह में मौजूद अग्रवाल वैश्य समाज की महिलाएं।

बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल है। यह त्योहार विश्वभर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। जैसे जीवन में अनेक रंग होते हैं, वैसे ही होली के रंग हमें आनंद और उमंग से भर देते हैं। होली के दिन सभी लोग एक-दूसरे के साथ भेदभाव को भुलाकर भाईचारे को मजबूत करते हैं। होली का पर्व भाईचारे, आपसी प्रेमभाव व अमन शांति का प्रतीक है। इस पर्व पर हम सबको पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक दूजे को गले लगाना चाहिए और भाईचारे का संदेश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली का पर्व अहंकार के नाश का त्यौहार भी है। हिरणाकश्यप को अपनी शक्ति पर अंहकार था।



राजौंद। जींद रोड़ राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने टूटी सड़क का दृश्य। फोटो : हरिभूमि।

### कन्या स्कूल के सामने तालाब रिटनिंग वाल न होने से रहता है हादसों का डर

**राजौंद ।** नगर के जींद मार्ग पर वार्ड नंबर 6 व 7 में स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने तालाब की रिटनिंग वाल न होने से सड़क भी तालाब में मिलने लग गई है। जिससे हर समय घटना होने का भय बना रहता है। पिछले लंबे समय से इस और किसी ने ध्यान नही दिया जिस कारण अब तो जींद को जाने वाला मुख्य मार्ग भी टूटकर तालाब में मिलने लग गया है। अगर अब भी संबंधित विभाग ने इस और ध्यान नही दिया तो वह दिन दूर नही जब इस सड़क पर आवाजावी रूकने को मजबूर हो जाएगी। वार्ड नंबर 7 के निवासी सुभाष, शमशेर, रामशरण, कृष्ण, अंकित, जोगेंद्र ने बताया कि इसी तालाब के पास ही लड़कियों का पांचवीं तक का स्कूल है। यहां छोटे छोटे विद्यार्थी स्कूल में पढ़ने के लिए आते है। इस सड़क के साथ लगते तालाब में रिटनिंग वाल न होने से सड़क टूट रही है जिससे उन्हें भी हादसा होने का भय बना रहता है। इन लोगों ने बताया कि कई बार प्रशासन को भी इस बारे अवगत करवाया जा चुका है लेकिन प्रशासन ने अभी तक इस और कोई ध्यान नही दिया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग को इस और कार्य करने के निर्देश दिए जाए।

## सीआरएसयू में महिला कबड्डी सर्कल स्टाइल प्रतियोगिता शुरू

# पहले मैच में गुजवि ने सीआरएसयू को हराया

- 21 टीमों की खिलाड़ी दिखाएंगी अपनी प्रतिभा, 13 तक चलेगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी सर्कल कबड्डी का शुभारंभ कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। उन्होंने कहा कि एक सफल खिलाड़ी बनने के लिए इन गुणों का होना बहुत जरूरी है, जिनमें लगातार अभ्यास करने की आदतए खेल के नियमों का पालन करना, दूसरों की मदद करना और सहयोग की भावना रखना, विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ खेलना, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखना, खुद पर भरोसा रखना और जोखिम लेने की क्षमता रखना, संतुलित आहार और अच्छी जीवनशैली अपनाना, परिस्थिति के अनुसार रणनीति बदलने की क्षमता,



जींद । प्रतियोगिता में दम दिखाती खिलाड़ी।



फोटो :हरिभूमि

अपनी गलतियों से सीखना शामिल है। खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा व डॉक्टर नरेश देशवाल सचिव खेल परिषद को बधाई दी कि उनकी सारी व्यवस्था सुचारू रूप से है। विवि ने 10 वर्ष के कम अंतराल में ही खेलों के क्षेत्र में, चाहे वह राष्ट्रीय सत्र हो, चाहे अंतरराष्ट्रीय सत्र हो, चाहे खेलो इंडिया यूनिवरुटसिटीज गेम हो, उसमें हरियाणा की पहली लीडिंग यूनिवर्सिटी में अग्रणीय यूनिवर्सिटी में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद आती है। इसके पीछे जो मेहनत है, वह विश्वविद्यालय प्रशासन की है विश्वविद्यालय खेल परिषद की है। वशिष्ठ अतिथि के रूप में तेज सिंह मलिक डीएसओ रिटायर्ड अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी रहे। जिन्होंने उनके रहन-सहन, अकोमोडेशन ट्रांसपोर्ट आदि व्यवस्था का जायजा लिया। तेज सिंह मलिक ने बताया कि कबड्डी भारतीय माटी का भारतीय मूल का सांस्कृतिक खेल है, जो ग्रामीण क्षेत्र में खेला जाता है।

### इन टीमों के बीच हुए मुकाबले

सुबह का मैच चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ और गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ने मैच 10-20 के अंतराल से। दूसरा मैच इवनिंग सेशन में हुआ। जिसमें आरएमएस यूनिवर्सिटी छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश व राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय ने यह मैच 1930 के अंतराल से जीता।